स्वरंगेत्रम बैंड में सुनाए इंग्लिश-हिंदी रॉकिंग सॉन्ग

कॉम्पिटीशन में तीन बैंड्स के 16 स्टूडेंट्स के बीच छिड़ी सुरों की जंग।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

स्वरंगेत्रम बैंड कॉम्पिटीशन का आयोजन द संस्कार वैली स्कूल में किया गया, जिसमें कक्षा नौवीं से लेकर बारहवीं तक के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। रेन्डिशन फ्रॉम माय हार्टः दिल से। इस थीम पर स्टूडेंट्स ने अपनी म्यूजिकल परफॉर्मेंस दी। 16 स्टूडेंट्स ने तीन बैंड्स के जरिए इंग्लिश रॉकिंग सॉन्ग सुनाए, जिसमें रोलिंग इन द डीप, रेडियोएक्टिव जैसे गीत सुनाए। हिंदी गीतों में नादान परिंदे, मैं कौन हूं और ईकतारा जैसे गीतों को पेश किया। विनर्स का चयन जोशू पगारे और अंजु शर्मा ने किया। ब्लैक फ्लॉएड को विनर घोषित किया गया।